>

Title : Need to set up NTPC power plants in Bilhaur, Hardoi and Sitapur in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): देश में विशेÂाकर उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत का गंभीर संकट बरकरार है तथा पिछड़े एवं ग्रामीण् अंचलों में विद्युत की भारी कमी बनी हुयी है । मेरा संसदीय क्षेत्र मिशि्रख, जो एक बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, भी विद्युत की समस्या से अछूता नहीं है । मेरे संसदीय खेत्र के अंतर्गत विशेÂाकर बिल्हौर, हरदोई और सीतापुर में विद्युत की बहुत ही दयनीय स्थिति है । इन क्षेत्रों में कई-कई दिनों तक बिजली गायब रहती है तथा गर्मी की मौसम में तो स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिस कारण विद्युत के अभाव में ग्रामीणों, किसानों एवं अन्य जन सामान्य को भारी कठिनाई का समाना करना पड़ता है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य मिशि्रख संसदीय क्षेत्र में विद्युत की भारी किल्लत को ध्यान में रखते हुए बिल्हौर, हरदोई और सीतापुर में एन0टी0पी0सी0 के विद्यूत संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु कारगर कदम उठाए ।